प्रादेशिक समाचार
दिनांक–24.03.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए सरकार की ओर से पेश किये गये 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ रूपये के बार्षिक बजट को विधानसभा ने दी मंजूरी।
2. राज्य सरकार ने की अगले वित्तीय वर्ष में जातीय सर्वेक्षण कराने की घोषणा, मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा–सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध।
3. झारखंड हाईकोर्ट ने डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति मामले में राज्य सरकार और यूपीएससी को जारी किया नोटिस, मामले की अगली सुनवाई 16 जून को होगी।
4. साहिबगंज का आदिम जनजाती बहुल गांव नगरभिठ्ठा पहाड़ ब्रेन मलेरिया की चपेट में, 10 दिनों में पांच बच्चों की मौत, दो दर्जन से ज्यादा बीमार, स्वास्थ्य विभाग हरकत में।
5. झारखंड अस्मिता हॉकी लीग के जूनियर वर्ग के फाइनल में सिमडेगा ने हजारीबाग को शून्य के मुकाबले दो गोल से किया पराजित, सब जूनियर वर्ग में रांची और सिमडेगा के बीच मुकाबला जारी।

*******************

वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए राज्य सरकार की ओर से पेश किये गये 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ रूपये के बार्षिक बजट को विधानसभा आज मंजूरी प्रदान कर दी है।

*******************

राज्य सरकार ने अगले वित्तीय वर्ष में जातीय सर्वेक्षण कराने की घोषणा की है। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के सवाल के जवाब में मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा जातीय सर्वे को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अगले वित्तीय वर्ष में इसे पूरा करने का प्रयास किया जायेगा।

*******************

विधानसभा में आज नगर निकाय चुनाव का भी मुद्दा उठा। विधायक सरयू राय ने सरकार से पूछा कि राज्य में नगर निकाय चुनाव कब होगा।

इसपर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि नगर निकाय चुनाव समय पर कराने का प्रयास किया जायेगा और अगर जरुरत पड़ी तो चुनाव कराने के लिए कोर्ट से समय मांगा जाएगा।

*******************

विधानसभा में आज झरिया विधायक रागिनी सिंह ने प्राइवेट स्कूल की मनमानी और री–एडमिशन के नाम पर फीस में बढ़ोतरी का मामला उठाया। इस पर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने बताया कि प्राइवेट स्कूल की मनमानी रोकने के लिए शुल्क समिति का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह स्कूल प्रबंधन पर ढाई लाख तक का जुर्माना लगा सकती है।

*******************

राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की याचिका पर आज झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस एस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने प्रार्थी का पक्ष सुनने के बाद राज्य

सरकार, यूपीएससी सहित अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 16 जून को होगी।

*******************

हजारीबाग पुलिस ने एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव हत्याकांड का उदभेदन कर दिया है। इस सिलसिले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। हजारीबाग रेंज के डीआईजी संजीव कुमार ने बताया कि इस घटना के पीछे अमन साहू गिरोह का हाथ है, जिसने क्षेत्र में दहशत कायम करने के लिए इस हत्याकांड को अंजाम दिया था।

*******************

राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने आज भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान श्री गुप्ता ने पुलिस की कार्यशैली से उन्हें अवगत कराया और सेवा के दौरान आनेवाली चुनौतियों और उनके समाधान को लेकर जानकारी दी।

*******************

केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के कोलकाता स्थित पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की ओर से चाईबासा में कल से 27 मार्च तक सांस्कृतिक महोत्सव ओकटेव– 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में देश के आठ पूर्वोत्तर राज्यों के कलाकार शामिल होंगे। इस महोत्सव में पारंपरिक नृत्य के साथ हस्तशिल्प मेला, पारंपरिक खाद्य मेला एवं वेशभूषा प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।

*******************

साहिबगंज जिले के मंडरो प्रखंड की बसहा पंचायत अंतर्गत नगरभिठ्ठा पहाड़ पर ब्रेन मलेरिया से 10 दिनों में पांच आदिम जनजाती बच्चों की मौत हो गयी है जबकि दर्जनों बच्चे और बड़े इस बीमारी से पीड़ित हैं। सिविल सर्जन डाक्टर प्रवीण कुमार संतालिया ने बताया कि बीमारी की सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल मेडिकल टीम को गांव भेजा है। ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है।

*******************

राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला जमशेदपुर ने विशाखपट्टनम स्थित मेसर्स ईयन्तरम वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक ऐतिहासिक करार किया है। इसके तहत तकनीकि हस्तांतरण के माध्यम से ई–वेस्ट रिसाइक्लिंग प्लांट स्थापित किया जाएगा। इस प्लांट में खराब हो चुके प्रिंटेड सर्किट बोर्ड की प्रोसेसिंग करके कॉपर, अल्युमिनियम और गोल्ड का निष्कर्षण किया जायेगा।

*******************

गिरिडीह जिले में ई–केवाईसी सप्ताह मनाया जा रहा है।

*******************

रांची में आयोजित झारखंड अस्मिता हॉकी लीग के जूनियर वर्ग के फाइनल में सिमडेगा ने हजारीबाग को शून्य के मुकाबले दो गोल से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। सब जूनियर वर्ग में रांची और सिमडेगा के बीच मुकाबला जारी है। हाफ टाइम तक दोनों टीमें शून्य–शून्य के साथ बराबरी पर थी।

*******************

रांची के संत जोसेफ क्लब की मेजबानी में चल रही इमा कप झारखंड इंटर स्कूल एंड कॉलेज कराटे चैंपियनशिप में रांची के खिलाड़ियों ने दूसरे दिन भी अपना दबदबा बनाए रखा और कुल 26 स्वर्ण पदक जीत कर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। लड़कियों के वर्ग में चैंपियन का खिताब रांची की आन्या ट्विंकल कुजूर को और लड़कों में चैंपियन का खिताब रांची के ही एरोन शीतल खाखा ने जीता।

*******समाप्त********